Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-07-2006

Participants : Kamala Prasad Shri

an>

Title : Need to revive the licences of opium growers in Barabanki and other districts of Uttar Pradesh.

श्री कमला प्रसाद रावत (बाराबंकी) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के जिला बाराबंकी के अफीम (पोस्ता) काश्तकारों के लाइसेंस निरस्त कर दिये गये हैं। पिछली बार सन 2003-04 में 70 डिग्री पर 48 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर मानक तय किया गया था। उसी के अनुसार काश्तकारों ने पता दिया लेकिन अब काश्तकारों के लाइसेंस रोक दिये गये हैं जो शर्तों एवं नियमों के विपरीत हैं। इससे जिला बाराबंकी सहित उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों के लगभग 10 हजार काश्तकारों के लाइसेंस नया कानून बनाकर निरस्त कर दिये गये हैं। इससे हजारों परिवार बेरोजगार हो गये हैं तथा भुखमरी के कगार पर पहुंच जायेंगे।

मेरी सरकार से मांग है कि उत्तर प्रदेश के जिला बाराबंकी सहित अन्य जिलों के अफीम (पोस्ता) काश्तकारों के लाइसेंस निरस्त करने का आदेश रद्द किया जाये जिससे इन काश्तकारों की रोजी रोटी चलती रहे।